भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **4134**
दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 / 21 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

आजमगढ़ में हवाई पट्टी

4134. श्रीमती संगीता आजाद:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में नंदूरी हवाई पट्टी को घरेलू हवाई उड़ानों के लिए विकसित किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो वहां से हवाई उड़ानों का संचालन कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) की कार्यान्वयन एजेंसी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 24.01.2018 को आरसीएस-उड़ान के अंतर्गत चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को आजमगढ़ से लखनऊ को जोड़ते हुए मार्ग अवार्ड किए हैं। एसएओ द्वारा एसएओ अनुबंध का अनुपालन न करने के कारण उसे रद्द कर दिया गया। यदि आरसीएस- उड़ान के अंतर्गत बोली के भावी चरणों में कोई बोली प्राप्त होती है तो उस पर योजना दस्तावेज़ के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा।

*****